# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–24.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*****************

झारखंड में केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रभावी और उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले 100 से ज्यादा लोग नयी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड की साक्षी बनेंगे। इनमें मुखिया, सेविका, गंगा प्रहरी, जल योद्दा और समन्वयक शामिल हैं।

*****************

हजारीबाग जिले की आंगनबाड़ी सेविका बासमती मुर्मू का चयन गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर परेड में भाग लेने के लिए हुआ है। उन्होंने इसे गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह उनके ईमानदार कार्य का परिणाम है। उन्होंने अन्य सेविकाओं को कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

*****************

हजारीबाग जिले के ही पर्यावरण संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद सिंह को गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड के लिए निमंत्रण मिला है। उन्होंने वृक्ष रक्षा के लिए दूध मटिया जंगल में रक्षा सूत्र अभियान शुरू किया था, जो अब पूरे राज्य में प्रचलित है। गणतंत्र दिवस का निमंत्रण पाकर उन्होंने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

*****************

गणतंत्र दिवस को लेकर राज्यभर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आज राजधानी के ऐतिहासिक मोराबादी मैदान में गणतंत्र दिवस को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल परेड किया गया। इसमें पुलिस और एनसीसी समेत 14 टुकड़ियों ने भाग लिया। जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर उपायुक्त ने बताया कि समारोह के दौरान 11 विभागों की झांकियां निकाली जायेंगी।

राज्य के अन्य जिलों में भी आज उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में फुल ड्रेस रिहर्सल परेड किया गया। गुमला जिले के परमबीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में गणतंत्र दिवस परेड का फाइनल रिहर्सल हुआ, जिसे उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। इधर, सरायकेला–खरसावां के बिरसा मुंडा स्टेडियम में भी गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न हुई। उपायुक्त रविशंकर शुक्ल और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने रिहर्सल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

*****************

जमशेदपुर के गोपाल मैदान में गणतंत्र दिवस परेड की फाइनल रिहर्सल संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने परेड का निरीक्षण कर प्रतिभागियों को संबोधित किया। मुख्य समारोह में झंडोतोलन राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन करेंगे।

*****************

बूढ़ा पहाड़ को नक्सलमुक्त करने के लिए लातेहार के चार पुलिस पदाधिकारियों को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सम्मानित करेंगे। सम्मानित होने वालों में पूर्व एसपी अंजनी अंजन, अवर निरीक्षक गौतम कुमार, जमील अंसारी और जवान मनोहर राम शामिल हैं। गणतंत्र दिवस पर उन्हें विशिष्ट ऑपरेशन पदक–2023 से सम्मानित किया जायेगा। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने इनके नामों की घोषणा कर दी है।

*****************

पाकुड जिले में कालाजार खोज पखवाड़ा के तहत मरीजों को चिन्हित कर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का काम किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज ऑड्रे हाउस में बाल तस्करी पर आयोजित एक कार्य''ााला को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चियों की तस्करी और पलायन पर अपने विचार रखे। इधर एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान देने वाले क्षेत्रों जैसे शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित किया है। वहीं, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने सभी बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध बनने का आह्वान किया है।

*****************

पाकुड़ जिले में परिवहन विभाग और सड़क सुरक्षा समिति की ओर से आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सिधो कान्हू मुर्मू पार्क से उपायुक्त मनीष कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने इसका शुभारंभ किया।

*****************